Seventeenth Loksabha

an>

Title: The Speaker made Valedictory Reference on the conclusion of the 6th Session of the 17th Lok Sabha.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, आज सत्रहवीं लोक सभा का छठा सत्र समाप्त हो रहा है । यह सत्र 19 जुलाई, 2021 को प्रारम्भ हुआ था । इस सत्र में सदन का कामकाज अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा । निरंतर गतिरोध के कारण इस सत्र में सदन की कुल 17 बैठकों में मात्र 21 घंटे 14 मिनट तक का ही कार्य संपादित किया गया । व्यवधान के कारण बैठक के लिए नियत 96 घंटे में से 74 घंटे 46 मिनट तक सदन में कामकाज नहीं हो सका, जिसके कारण इस सत्र में सदन का कार्य निष्पादन मात्र 22 प्रतिशत रहा । सत्र के प्रारंभ में लोक सभा के चार सदस्यों ने 19 जुलाई, 2021 को सदस्यता की शपथ ली । सत्र के दौरान सदन में कुछ महत्वपूर्ण वित्तीय और विधायी कार्य का निष्पादन किया गया । इस सत्र के दौरान 15-17 विधेयक पुर:स्थापित किए गए । संविधान एक सौ सत्ताईसवां संशोधन विधेयक, 2021 सहित 20 महत्वपूर्ण विधेयक पारित किए गए । सत्र के दौरान निरंतर व्यवधान के बावजूद प्रश्न काल में 66 तारांकित प्रश्नों के उत्तर दिए गए । माननीय सदस्यों ने नियम 377 के अधीन कुल 331 मामले उठाए । स्थायी समितियों के सभा में 60 प्रतिवेदन प्रस्तुत किए गए ।

माननीय मंत्रियों के द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर कुल 22 वक्तव्य दिए गए, संसदीय कार्य मंत्री द्वारा सरकारी कार्य के संबंध में तीन वक्तव्य भी दिए गए । सत्र के दौरान संबंधित मंत्रियों द्वारा 1,243 पत्र सभा पटल पर रखे गए ।

मैं सभा की कार्यवाही को पूरा करने में सभापति तालिका में शामिल सभी माननीय साथियों के योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त करता हूं ।

मैं माननीय प्रधानमंत्री, संसदीय कार्य मंत्री, सभी दलों के माननीय नेताओं और माननीय सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं । मैं इस अवसर पर सभा को प्रदान की गई समर्पित व त्वरित सेवा के लिए महासचिव और लोक सभा

सचिवालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना करता हूं । मैं आप सभी की ओर से प्रेस और मीडिया के मित्रों को भी धन्यवाद देता हूं । मैं सभा की कार्यवाही संचालित करने से संबंधित एजेंसियों को उनके द्वारा प्रदान की गई सेवाओं के लिए भी धन्यवाद देता हूं ।

माननीय सदस्यगण, अब वन्दे मातरम् के लिए अपने स्थान पर खड़े हों ।

11.06 hrs

NATIONAL SONG

The National Song was played.

माननीय अध्यक्ष : सभा की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित की जाती है ।

11.07 hrs

The Lok Sabha then adjourned sine die.